# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-3
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-3 – 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H** **Subject Code : 61-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] [ Max. Marks : **80**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) श्रीमती (B) औरत

(C) महिला (D) मान

2. 'रोना' शब्द का प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) रुलाई (B) रोना–धोना

(C) रुकाना (D) रुलाना

3. 'जय' शब्द का विलोम रूप है –

(A) विजय (B) पराजय

(C) अजय (D) जीत

4. 'लिफाफे' शब्द का एकवचन रूप है –

(A) लिफाफें (B) कागज

(C) लिफाफा (D) बस्ता

5. 'बारहमास' शब्द में समास है –

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

6. निम्नलिखित में से गुण संधि का उदाहरण है –

(A) परोपकार (B) एकैक

(C) नयन (D) सत्याग्रह

7. लेखक ने धूप का चश्मा टेबुल ............. रखा था । रिक्त स्थान में कारक चिह्न होगा –

(A) में (B) पर

(C) से (D) को

8. मेरा ब्रीफकेस कहाँ चला गया ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है ।

(A) प्रश्नार्थक (B) अल्प विराम

(C) पूर्ण विराम (D) योजक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :**

**4 × 1 = 4**

9. रामानंद शास्त्री : लक्ष्मण शास्त्री : : अब्दुल कलाम : ................

10. कृष्ण का रंग : काला : : यशोदा का रंग : ..............

11. रोबोट : कहानी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ................

12. बेलूर मंदिर : शिल्पकला : : गोल गुंबज : ....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?

14. दया किसका मूल है ?

15. हरिशंकर परसाई को कहाँ ठहराया गया ?

16. भारत के खेत कैसे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?

18. जैनुलाबदीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

19. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

20. 'बालशक्ति' पाठ के आधार पर आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

21. दोस्तों ने किन–किन जानवरों से मुलाकात की ?

22. मातृभूमि के प्रकृति–सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

23. शनि का निर्माण किन–किन गैसों से हुआ है ?

**अथवा**

उपग्रह टाइटन का परिचय दीजिए ।

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**अथवा**

नागरिक के किन्हीं दो कर्तव्यों का परिचय दीजिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? बताइए ।

26. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

27. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ?

28. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

29. कवि समय का सदुपयोग करने के लिए क्यों कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

30. महादेवी वर्मा गिल्लू की माँ जैसी थी । इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

31. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    जड़ चेतन गुण दोषमय, विस्व कीन्ह करतार ।

    संत हंस गुण गहहि पय, परिहरि वारि विकार ।।

33. निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए :

    दोनों दोस्त मकान बनाना चाहते थे । लेकिन वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाते हैं । अतः पूछताछ के लिए वे दोनों जंगल की ओर जाते हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. पंडित राजकिशोर मानवता की मूर्ति हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

बसंत ईमानदार लड़का था । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..................................

................................................

................................................

................................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4**

36. गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जनम 7 मई 1861 को कोलकता में हुआ था । रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार और दार्शनिक थे । 'गीतांजली' रचना पर उन्हें 'नोबल' पुरस्कार से सम्मानित किया गया । रवींद्र जी ने आठ वर्ष की उम्र में अपनी पहली

कविता लिखी, सोलह साल की आयु में कहानियाँ और नाटक लिखना प्रारंभ कर दिया था ।

इनकी महान उपलब्धि पर उन्हें गुरुदेव के नाम से संबोधित किया जाता था ।

(अ) रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म कब हुआ ?

(आ) गीतांजली की रचना पर कौन–सा पुरस्कार मिला ?

(इ) रवींद्र जी ने अपनी किस आयु में नाटक और कविताएँ लिखीं ?

(ई) गुरुदेव के नाम से किसे संबोधित किया जाता था ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

37. (क) **जनसंख्या की समस्या**

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के परिणाम
* परिहारोपाय
* उपसंहार ।

(ख) **इंटरनेट का महत्व**

* विषय प्रवेश
* इंटरनेट से लाभ
* इंटरनेट से हानियाँ
* उपसंहार ।

(ग) **खेलों का महत्व**

* प्रस्तावना
* खेलों के प्रकार
* खेलों का महत्व
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. कोई सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी माँगकर अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

परीक्षा परिणाम के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।